
आज़ादी का
अमृत महोत्सव



# साप्ताहिक सूचना पत्र

(दिनांक 17.04.2023 से 23.04.2023)



भारतीय जनता पार्टी
हरियाणा

# साप्ताहिक सूचना पत्र

## जनसंवाद पोटर्ल का शुभारंभ

(दिनांक 17.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने आमजन मानस की दुख तकलीफें दूर करने के लिए तथा सीधे उन तक शिकायत पहुंचाने के लिए जनसंवाद पोर्टल की शुरूआत की।

माननीय मुख्यमंत्री जी स्वयं अपने डैशबोर्ड पर इसकी नियमित निगरानी कर रहे हैं। जनसंवाद पोर्टल के लिए कॉल सेंटर खोला गया है जिसके माध्यम से शिकायतकर्ता के पास उसके मोबाइल पर एसएमएस जाएगा और मोबाइल पर ही शिकायत के समाधान की जानकारी दी जाएगी।

यह सूचना प्रौद्योगिकी के उपयोग की माननीय मुख्यमंत्री की एक नई पहल है। जहाँ सीएम विंडो पर 10 लाख से अधिक लोगों ने सीधे मुख्यमंत्री तक अपनी बात पहुंचाई है वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री जी का आरंभ किया गया जनसंवाद कार्यक्रम भी लोगों को खूब रास आ रहा है और ग्रामीण क्षेत्रों में



जनसंवाद करने की कवायद मुख्यमंत्री जी ने महात्मा गांधी जी के ग्राम स्वराज की अवधारणा से प्रेरित होकर की है। माननीय मुख्यमंत्री ने गीता सार को सत्ता की धुरी माना है और महाभारत युद्ध में भगवान श्री कृष्ण द्वारा अर्जुन को दिए गए कर्म के सिद्धांत निःस्वार्थ कर्म करो फल की चिंता मत करो। समय आने पर तुम्हे उसका परिणाम जरूर मिलेगा को अपने राजनीतिक करियर का आधार माना है।

# अंबाला लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध व्यक्तियों के साथ बैठक

(दिनांक 18.04.2023)



**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अंबाला लोकसभा क्षेत्र के व्यक्तियों से मुलाकात कर योजनाओं को लागू करने और लोगों को आ रही समस्याओं की जानकारी ली। सभी प्रशासनिक सचिवों को निर्देश दिए हैं कि अंबाला लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत पड़ने वाली सभी विधानसभा क्षेत्रों में लंबित विकास परियोजनाओं की प्रगति से संबंधित रिपोर्ट आगामी 15 दिनों में प्रस्तुत करें और मंडियों में गेंहू उठान में आ रही दिक्कत के मुद्दे पर अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि ज्यों ही मंडियों में गेहूं का तोल हो जाता है वैसे ही कम से कम समय में उठान सुनिश्चित करें। इसके लिए अधिकारी स्थानीय ट्रांसपोर्टर्स व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क रखें और आवश्यक दिशा–निर्देश दें। अधिकारी मंडियों का निरीक्षण भी करें और खरीद प्रबंधों का मौके पर जायजा लेकर समस्याओं का निवारण करें। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आमजन की व्यक्तिगत व सार्वजनिक शिकायत व सुझाव तो सीएम विंडो के साथ–साथ जनसंवाद पोर्टल व मुख्यमंत्री जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मिल जाते हैं। प्रबुद्ध व्यक्तियों व उच्च अधिकारियों के साथ सीधा संवाद करने की आज से एक नई कवायद शुरू की है, इसलिए अधिकारी इसे गंभीरता से लें और समस्याओं के समाधान को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

# प्रो एक्टिव दिव्यांग पेंशन सेवा सहित 3 नई ई–गवर्नेंस पहलों की शुरुआत

(दिनांक 19.04.2023)

**प्रभाव :** ई–गवर्नेंस से सुशासन की दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने 3 नई पहलों की शुरुआत की हैं। इनमें प्रो–एक्टिव दिव्यांग पेंशन सेवा, ताऊ से पूछो व्हाट्सएप बॉट और पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) विश्राम गृहों की ऑनलाइन रूम बुकिंग सुविधा शामिल है। इन पहलों से लाभार्थी डिजिटल रूप रूप से और अधिक सशक्त बनेंगे। ये तीन आईटी पहल निश्चित रूप से राज्य सरकार के पेपरलैस और पारदर्शी शासन के दृष्टिकोण में मील का पत्थर साबित होंगी। प्रो–एक्टिव दिव्यांग पेंशन सेवा के बारे में जानकारी देते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि राज्य सरकार सभी सरकारी सेवाओं को लोगों के घरद्वार पर पहुंचाने के लिए



वचनबद्ध है। इसी कड़ी में अब हमने दिव्यांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) को ऑटोमेटेड पेंशन का लाभ देने का फैसला किया है। आज से दिव्यांग पेंशन को भी परिवार पहचान पत्र से जोड़कर आटोमैटिक ढंग से पेंशन बनाने का काम शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परिवार सूचना डेटा कोश में 60 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग के रूप में सत्यापित दिव्यांगों के प्रासंगिक डेटा को हर महीने हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण द्वारा प्रमाणित किया जाएगा। सत्यापन के बाद पात्र पाए गए ऐसे सभी दिव्यांगों का डेटा योजना द्वारा निर्धारित पात्रता मानदंड के अनुसार सेवा विभाग के साथ साझा किया जाएगा।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज के डिजिटल युग में नागरिकों की विशाल संख्या के विभिन्न सवालों के जवाब देना एक बड़ा कठिन कार्य है। इसके समाधान के लिए हरियाणा परिवार पहचान प्राधिकरण ने वेब बेस्ड चौट बॉट सॉल्यूशन के साथ–साथ






ताऊ से पूछो'' व्हाट्सऐप बॉट बनाया है। व्हाट्सएप के साथ एकीकृत ताऊ से पूछो नामक व्हाट्सएप बॉट नागरिकों के प्रश्नों का तुरंत जवाब देगा। यह सबके लिए आसानी से सुलभ होगा और नागरिक अपने घर बैठे सरलता से व्हाट्सएप पर संवाद कर सकेंगे।

इस इंटीग्रेटेड डिजीटल प्लेटफॉर्म में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और नेचुरल लैंग्वेज प्रोसेसिंग जैसी तकनीकों को जोड़ा गया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि नागरिक विभिन्न डेटा फील्ड की स्थिति के साथ–साथ आय, विवाह, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, राशन कार्ड, जाति, पेंशन और शिकायतों जैसी सेवाओं के बारे में प्रश्न पूछ सकते हैं।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि अब सभी विश्राम गृहों में सरकारी अधिकारियों के साथ–साथ निजी लोग भी कमरों की ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। इच्छुक व्यक्ति अपने कमरे की




बुकिंग ीजजचरू//ीतलहनमेजीवनेम. हवअ.पद पर करवा सकते हैं। ऑनलाइन रेस्ट हाउस बुकिंग की सुविधाओं को साझा करते हुए माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से अब आवेदक कमरे की उपलब्धता, कमरा बुक, बुकिंग राशि का ऑनलाइन भुगतान और बुकिंग रद्द कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि इस पोर्टल के माध्यम से अब प्राइवेट व्यक्ति भी इन रेस्ट हाउस में ऑनलाइन कमरा बुक करवा सकते हैं। इनके लिए कुछ शर्तें रखी गई हैं।

# जोगी समाज के लोगों से मुलाकात

(दिनांक 19.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने अपने निवास संत कबीर कुटीर में जोगी समाज प्रबुद्ध लोगों के साथ मुलाकात की। करनाल में अगले माह होने वाले महायोगी गुरु शिव गोरखनाथ समारोह की रूपरेखा पर जोगी समाज के लोगों के साथ बातचीत की और उनके सुझाव भी लिए। उन्होने कहा कि समाज के उत्थान व सामाजिक बुराइयों को दूर करने में संतों का अहम योगदान होता है। वर्तमान राज्य सरकार पहली ऐसी सरकार है जिसने सर्व समाज के सभी संत महात्माओं एवं महापुरुषों की जयंतियाँ मनाना आरम्भ किया ताकि प्रदेश के लोग उनके जीवन से प्रेरणा ले सकें।



# हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से 1087 नियुक्तियां

(दिनांक 19.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी के विज़न के अनुरूप सरकारी विभागों, बोर्डों और निगमों में जरूरत के अनुसार तत्काल मैनपावर की आवश्यकता को पूरा करने के लिए हरियाणा कौशल रोजगार निगम के माध्यम से अनुबंध आधार पर नियमित अंतराल पर नियुक्तियां दी जा रही हैं। इसी कड़ी में आज एक बार फिर मुख्यमंत्री जी ने एक क्लिक के माध्यम से विभिन्न विभागों में कार्य पर रखने हेतु उम्मीदवारों को जॉब ऑफर भेजे हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने जॉब ऑफर प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पारदर्शी तरीके से सरकारी भर्तियां की जा रही हैं। एचकेआरएन के माध्यम से दी जाने वाली नौकरियों में भी पूरी पारदर्शिता बरती जा रही है, जिससे नागरिक बेहद प्रसन्न हैं। अब एचकेआरएन में मासिक–पे को भी रेगुलराईज किया गया है और इन कर्मचारियों को ईपीएफ, ईएसआईसी का भी पूरा लाभ मिल रहा है। एचकेआरएन के माध्यम से अब तक लगभग 5600 से अधिक उम्मीदवारों को रोजगार प्रदान किया जा चुका है। इनमें मुख्य रूप से टीजीटी, पीजीटी, ड्राइवर, आयुष योग सहायक और लाईनमैन शामिल हैं।



# पानीपत जिले में नहर के विस्तारीकरण और जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास

(दिनांक 20.04.2023)




**प्रभाव :** हरियाणा के लिए पानी लाने और बचाने की मुहीम में आज एक और अध्याय जुड़ा जब माननीय मुख्यमंत्री जी ने मुनक नहर के जीर्णोद्धार के कार्य का शुभारंभ किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा है कि प्रदेश में उपलब्ध नहरी पानी का उपयोग सिंचाई व पेयजल की जरूरतें पूरी करने के लिए प्रदेश सरकार ने 20 वर्ष से अधिक पुरानी नहरों व रजबाहों के जीर्णोधार का कार्य करने का निर्णय लिया है।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुऐ कहा कि करनाल जिले के मुनक हैड से शुरू होकर सोनीपत जिले के खुबड़ु हैड तक का कार्य किया जाएगा और इस पर 304 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है जिससे पानीपत जिले के इसराना, पानीपत ग्रामीण व समालखा क्षेत्र के किसानों सहित दक्षिण हरियाणा के किसानों को लाभ मिलेगा।

नहर की क्षमता 5528 क्यूसेक से बढ़कर 7280 क्यूसेक हो जाएगी और दिल्ली सहित दक्षिण हरियाणा की नहरों में पानी की पहुँच बढ़ेगी।

# साप्ताहिक सूचना पत्र

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रदेश में लगभग 80 लाख एकड़ भूमि कृषि योग्य है। नहरों के अलावा प्रदेश में ट्यूबवेलों के माध्यम से भी सिंचाई की जाती है। उन्होंने कहा कि पानी के समुचित प्रबंधन से अब निचले इलाकों में भी पानी पहुँचाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हथनी कुंड से लेकर गुरुग्राम तक के क्षेत्र को पीने के पानी की समुचित सप्लाई के लिए यह योजना कारगर साबित होगी। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा के लिए पानी लाना और बचाना मेरा काम ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है।



# साप्ताहिक सूचना पत्र

## 10 करोड़ से अधिक की विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक

(दिनांक 22.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने 10 करोड़ रुपए से अधिक की विकास परियोजनाओं की स्वीकृति बैठक की अध्यक्षता करते हुए लगभग 131 करोड़ रुपए से अधिक की 8 विकास परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की। इनमें लोक निर्माण विभाग व जनस्वास्थ्य विभाग की 2–2 तथा 3 फरीदाबाद मेट्रोपोलियन विकास अथोरटी की परियोजनाएं भी शामिल है। जीन्द जिले के दालमवाला गांव में नहर आधारित जल परियोजना की स्वीकृति प्रदान की गई। लगभग 13 करोड़ रुपए से अधिक की इस पेयजल परियोजना से बेहतवाला, खोकरी, हैबतपुर, माण्डो गांव सहित 5 गांवों की आबादी को



# साप्ताहिक सूचना पत्र



निर्बाध रूप से पेयजल सुलभ होगा ओर इसे हांसी ब्रांच से पानी की आपूर्ति की जा सकेगी।

रोहतक शहर के गुरू नानकपुरा में बरसाती पानी निकासी के लिए नया डिस्पोजल बनाने की मंजूरी प्रदान की गई। इससे महाबीर कालोनी, संजय नगर आदि क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और इस पर 23.75 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आएगी। फरीदाबाद मेट्रोपोलियन विकास अथोरटी द्वारा स्थापित की जाने वाली रैनी वैल आधारित 3 पेयजल योजनाओं की मंजूरी दी गई।

इन तीनों पेयजल परियोजनाएं 10–10 एमएलडी क्षमता की होंगी जो यमुना नहर के साथ लगते गांव भिकुला, मोथूका में लगाई जाएंगी। इन पर 51 करोड़ रुपए से अधिक की लागत आएगी।

एफएमडीए द्वारा लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से बनाई जाने वाली सैक्टर 14/15, व 16/17 की मास्टर रोड़ बनाई जाएगी जिस पर लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

इसके अलावा रेवाड़ी सैक्टर 7 में पेयजल, सिवरेज व अन्दर की सड़कों की भी मंजूरी दी गई। इन पर लगभग 9.50 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके साथ ही गुरूग्राम फरूखनगर झज्जर चार मार्गीय सड़क मार्ग के सुधारीकरण की भी स्वीकृति प्रदान की गई। इस मार्ग पर लगभग 17.25 करोड़ रुपए की लागत आएगी।

# निक्षय योजना के लोगों से सीधा संवाद

(दिनांक 22.04.2023)

**प्रभाव :** माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के भारत को वर्ष 2025 तक टी.बी. मुक्त बनाने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में हरियाणा सरकार प्रदेश को वर्ष 2025 तक टी.बी. मुक्त बनाने के लिए कृतसंकल्प हैं।

टीबी हारेगा और देश जीतेगा, इसी संकल्प के साथ हरियाणा सरकार सार्थक कदम उठा रही है। उन्होंने सभी टी.बी.रोगियों से अनुरोध किया कि सरकारी स्वास्थ्य संस्थाओं में उपलब्ध टी.बी. की मुफ्त जांच एवं उपचार सेवाओं का भरपूर लाभ उठाएं और टी. बी. के बारे में जागरूकता फैलाएं।

उन्होंने टीबी रोगियों से अनुरोध किया कि वे सभी डॉक्टर की सलाह के अनुसार अपनी जांच करवाते रहें, जिनकी दवाई चल रही है, वे इलाज को बीच में बिल्कुल भी न छोड़ें। संवाद के दौरान रोगियों ने केंद्र और प्रदेश



सरकार द्वारा टीबी के इलाज के लिए प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं और वित्तीय सहायता के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि राष्ट्रपति ने टी.बी. के रोगियों के पोषण के लिए सितम्बर, 2022 में निक्षय योजना का शुभारम्भ किया था। उन्होंने




विभिन्न संस्थाओं एवं कॉर्पोरेट्स को टी.बी. रोगियों का पोषण करने के लिए उन्हें गोद लेने का आह्वान किया था।

हरियाणा में भी इस योजना का शुभारम्भ 15 सितम्बर, 2022 को किया गया। इसके तहत राज्यपाल, स्वास्थ्य मंत्री और गणमान्य नागरिकों द्वारा टी.बी. के रोगियों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट्स दी जा रही हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने बताया कि उन्होंने भी इस योजना के तहत टी.बी. के पांच रोगियों को गोद लिया है। माननीय मुख्यमंत्री जी बताया कि निक्षय योजना के अंतर्गत राज्य में अब तक 8,000 टीबी रोगियों को पोषण किट्स वितरित की जा चुकी है। प्रदेश में टी.बी. रोगियों की मदद करने की इच्छुक संस्थाओं, कंपनियों आदि के लिए पोर्टल–https:@@community support-nikshay-in बनाया है ।

विभिन्न संस्थाएं एवं व्यक्ति विशेष जो भी टी.बी. रोगियों को पोषण सहायता देना चाहता है वह इस पोर्टल पर जाकर स्वयं लॉगिन आई.डी. बनाकर पंजीकृत करवा सकते हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हमने टी.बी. उपचार की सेवाओं का विस्तार करने के लिए प्राइवेट और कॉर्पोरेट अस्पतालों से सहयोग ले रहे हैं। इस बात की खुशी है कि कई कंपनियों ने इस कार्य में बढ़चढ़ कर सहयोग किया है। विभिन्न कॉर्पोरेट कंपनियों ने 13 जिलों को टी.बी. मुक्त बनाने के लिए गोद लिया है। मेदांता अस्पताल द्वारा यमुनानगर और करनाल में टी.बी. के मरीजों की जांच के लिए मोबाइल वैन द्वारा सघन खोज अभियान चलाया जा रहा है। रेवाड़ी जिले में भी एक कंपनी

# साप्ताहिक सूचना पत्र

द्वारा मोबाइल वैन की मदद से टी.बी. के नए रोगियों की जांच की जा रही है, जिसे संकल्प प्रोजेक्ट का नाम दिया गया है ।

माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि टी. बी. रोगी को इलाज के दौरान हर महीने 500 रुपये पोषण भत्ता भी दिया जा रहा है। अब तक पोषण भत्ते के रूप में लगभग 80 करोड़ रुपये सीधे टी.बी. रोगियों के बैंक खाते में दिए जा चुके हैं। इन्हें मिलाकर राष्ट्रीय टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत टी.बी. रोगियों को अब तक 91 करोड़ 39 लाख रुपये दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय टी.बी. उन्मूलन कार्यक्रम के तहत न केवल टी.बी. का इलाज मुफ्त करने का प्रावधान किया, बल्कि इससे बचाव और निरंतर इलाज कराने के लिए लोगों को जागरूक भी किया। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि हरियाणा सरकार ने टी.बी. की मुफ्त जांच के लिए 350 कफ जांच केंद्र, 80 मॉलिक्यूलर प्रयोगशालाएं एवं 2 कल्चर



प्रयोगशालाएं संचालित की हैं । मुफ्त इलाज के लिए हर ब्लॉक पर टी.बी. यूनिट का निर्माण किया गया है और प्रत्येक प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर टी.बी. की दवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। कोई भी व्यक्ति, जिसे दो सप्ताह तक खांसी हो, वह इन जांच केन्द्रों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर जाकर अपनी निःशुल्क जांच करवा सकता है। प्रदेश में वर्ष 2022 में 75,730 टी.बी. रोगियों की पहचान की गयी थी, जिसमें 40,276 रोगी अभी भी उपचाराधीन हैं।

# संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत जी की जयंती

(दिनांक 23.04.2023)

**प्रभाव :** संत श्री धन्ना भगत जी की जयंती कैथल जिले के धनौरी गांव में बड़े धूमधाम से मनाई गई। कैथल जिले के गांव धनौरी में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में भारत के उपराष्ट्रपति माननीय श्री जगदीप धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुदेश धनखड़ जी ने बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। माननीय मुख्यमंत्री जी ने संत शिरोमणि धन्ना जी को नमन करते हुए कहा कि उनका सौभाग्य है कि आज उन्हें धन्ना भगत जी के जयंती समारोह में आने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि धन्ना भगत जी उन महान संतों में अग्रणी थे, जिन्होंने अपनी रचनाओं के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भक्ति मार्ग को अपनाते हुए मानव – मात्र की सेवा के





साथ – साथ कर्म पर उसी तरह बल दिया , जैसे भगवान श्रीकृष्ण जी ने गीता में कर्म का अमर सन्देश दिया है। जाति पाति के घोर विरोधी थे। वे पूरी मानव जाति के पथ – प्रदर्शक थे। संत श्री धन्ना भगत परम ज्ञानी थे। उन्होंने कहा कि धन्ना भगत जी बचपन से ही दयालु , परोपकारी और साधु–संतों की संगति किया करते थे। उनके जीवन के संबंध में कई चमत्कारिक कथाएं जुड़ी हुई है। श्री धन्ना भगत जी ने मानव कल्याण के लिए जो शिक्षाएं दी हैं वे आज भी अत्यंत प्रासंगिक हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि पंचम पातशाह श्री गुरु अर्जुन देव जी ने भी धन्ना भगत जी के भक्ति भाव के बारे में श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी में उल्लेख किया है कि वे सिद्ध महापुरुष थे। उनके तीन पदों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब में शामिल भी किया गया है। संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत जी के नाम पर देशभर में अनेक संस्थाएं हैं , जो नई पीढ़ियों को उनकी भक्ति व शिक्षाओं को अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। हमें गर्व है कि उनके नाम पर हरियाणा में धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र में श्री धन्ना भगत पब्लिक स्कूल स्थापित है। गत 11 अप्रैल को इस स्कूल में श्री धन्ना भगत जी की प्रतिमा का लोकार्पण

करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है ।

इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री जी ने घोषणा की कि जींद के हैबतपुर में बन रहे मेडिकल कॉलेज का नाम संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत के नाम पर रखा जाएगा। साथ ही माननीय मुख्यमंत्री जी ने कहा कि संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत जी की शिक्षाओं और उनके संदेश को अमर करने हेतू पाठ्य पुस्तकों में धन्ना भगत जी का उल्लेख किया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने गॉव में एक सामुदायिक केंद्र व पुस्तकालय बनाने के साथ साथ गॉव के विकास के लिए 7 करोड़ रुपये देने की भी घोषणा की। उन्होंने धनौरी की गऊशाला के लिए 21 लाख रुपये देने की भी घोषणा की। धनौरी गांव में संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत जी की प्रतिमा लगवाई जाएगी। इसके अलावा, संत श्री धन्ना भगत जी मंदिर में लंगर हॉल तथा गांव में तालाब का सौंदर्यकरण किया जायेगा। इसके अलावा, गॉव धनौरी में महिला कॉलेज बनाने, गांव में पीने के पानी की आपूर्ति भाखडा नहर



से किए जाने, सीवरेज एवं गंदे पानी की निकासी की व्यवस्था करने की भी घोषणा की।

भारत के उपराष्ट्रपति जी ने माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि समाज के संतों एवं महापुरुषों को याद करने की जो पहल प्रदेश सरकार ने की है, वह अपने आप में प्रशंसनीय है। सरकार की इस पहल से ऐसा वातावरण बना है कि आज सभी नागरिक संतो के विचारों व शिक्षाओं का

# साप्ताहिक सूचना पत्र

आदर करते हुए समाज को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। उपराष्ट्रपति जी ने जींद में श्री धन्ना भगत के नाम पर मेडिकल कॉलेज और धनौरी गांव में महिला कॉलेज की घोषणा के लिए माननीय मुख्यमंत्री जी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उनकी हरियाणा की पहली यात्रा दीनबंधु सर छोटू राम जी के स्थान से हुई थी और आज का यह दिन उनके लिए सदैव स्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि श्री धन्ना भगत जी के विचारों का उल्लेख गुरु ग्रंथ साहिब में मिलता है। इसलिए आज यह हर नागरिक का उत्तरदायित्व है कि वह उनके विचारों को अपनाकर समाज निर्माण में योगदान दें। उन्होंने कहा कि आज अपना देश बदल रहा है। राम मंदिर बन रहा है। लोग कहते थे कि तारीख कब बताओगे, क्या यह कभी संभव होगा, आज यह संभव हुआ है। इतना ही नहीं, मंदिर भारतवर्ष की संस्कृति के अनुरूप सही प्रक्रिया से बन रहा है। उन्होंने कहा कि भारत को संतो का सानिध्य मिल रहा है, यह दुनिया के किसी देश में नहीं है। हमारे संत हमारी सांस्कृतिक विरासत को पूरी तरह से संजोए रखे हुए हैं और हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

उपराष्ट्रपति जी ने कहा कि आज के दिन देश में वह सब हो रहा है, जिसकी कल्पना कभी नहीं की गई थी। दुनिया में भारत की जो प्रतिष्ठा आज है, उतनी पहले कभी नहीं थी। आज भारत दुनिया की अर्थव्यवस्था में पांचवें नंबर पर है। भारत को यहां लाने में किसान और मजदूर का बहुत बड़ा योगदान है। इस दशक के अंत तक भारत की दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। उन्होंने कहा कि दुनिया के लोग अचंभित हैं कि हिंदुस्तान में 1 अप्रैल, 2020 से 80 करोड़ जनसंख्या को सरकार चावल, गेहूं, दालें उपलब्ध करवा रही हैं। उन्होंने कहा कि हर परिस्थिति में हमें हमारे भारत को सर्वोपरि रखना पड़ेगा। हमें इस बात पर ध्यान देना पड़ेगा कि अब समय बदल गया है और कोई बड़ा छोटा नहीं है। सब कानून के दायरे में है।